विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

जमशेदपुर, 27 अक्टूबर, 2010
www.jagran.com

तारापोर ने लहराया साइंस क्विज में परचम

जमशेदपुर, जागरण प्रतिनिधि : सवाल ऐसे-ऐसे कि बड़े बड़ों का दिमाग चकरा जाए। मगर, इधर क्विज मास्टर ने सवाल दागा नहीं कि उधर तड़ से जवाब हाजिर। मंगलवार को नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेट्री (एनएमएल) में पूर्व निदेशक रहे प्रो. पी. रामचंद्र राव की स्मृति में आयोजित साइंस क्विज के दौरान स्कूली प्रतिभाओं का प्रदर्शन कुछ ऐसा ही था। क्विज में शहर के 25 स्कूलों के कुल 75 प्रतियोगियों ने भाग लिया। कई पड़ाव पार कर फाइनल राउंड तक पहुंची पांच स्कूलों की टीमों में सबको पछाड़ते हुए जेएच तारापोर स्कूल के वकार हामिद, सानिध्य श्रीवास्तव व आनंद प्रकाश ने जीत का परचम लहराया। वहीं लिटिल फ्लावर स्कूल की टीम उप विजेता घोषित हुई। इस टीम में शांतनु महापात्रा, रितंकर देब, आदित्य पाल व अभ्यंकर जोशी शामिल थे। विजेता प्रतियोगियों को ट्राफी व गिफ्ट हैम्पर तथा क्विज मास्टर टाटा स्टील के अनुसंधान विकास विभाग के अधिकारी डॉ. शांतनु चक्रवर्ती को स्व. प्रो. पी. रामचंद्र राव की पत्नी सुधा राव ने उपहार प्रदान किए।